# जबलपुर अंगदान के मामले में दूसरे नंबर पर : कलेक्टर

▶ नेत्रदान पखवाड़ा- नेत्रदान दाताओं का सम्मान

**जबलपुर। हाल के वर्षों में जबलपुर में नेत्रदान और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है ,जबलपुर अंगदान के मामले में इंदौर के बाद दूसरे नंबर पर है। अभी तक आठ बार ग्रीन कॉरिडोर बन चुका हैं। यह जानकारी कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नेत्र दानदाता परिवार सम्मान समारोह में दी।**

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल मध्य प्रदेश, सक्षम महाकौशल प्रांत,दादा वीरेंद्रपुरी रोटरी आई बैंक,,रोटरी क्लब जबलपुर साउथ एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र दानदाता परिवार सम्मान समारोह का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिल्डिंग, राइट टाउन,जबलपुर में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटे.सुनील फाटक (रोटरी इंटरनेशनल आई बैंक कोऑर्डिनेटर, पूर्व प्रांतपाल रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पवन स्थापक ने की ।

कार्यक्रम में नेत्र दानदाताओं के 37 परिवार के सदस्यों एवं सचेतकों का सम्मान पुष्प-गुच्छ, श्रीफल एवं स्तुति-पत्र देकर किया गया , डॉ पवन स्थापक ने बताया कि विश्व के कॉर्नियल अंधत्व का एक-तिहाई अंधत्व भारत में है और उसका प्रमुख कारण है, जनसामान्य में नेत्रदान के प्रति जागरूकता का अभाव के साथ समाज में भ्रांतियां होना, नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा 1985 में राष्ट्रीय नेत्र पखवाड़ा शुरुआत किया गया जो प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक पूरे देश में मनाया जाता है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा की कॉर्नियल अंधत्व को दूर करने के लिए सक्षम, और दादा वीरेंद्रपुरी रोटरी आई बैंक की यह पहल सराहनीय है सरकार का ध्यान भी अंधत्व निवारण पर केंद्रित है ,इसलिए भारत सरकार ने समय-समय पर राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा ( नेशनल प्रोग्राम फॉर

### कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में , श्रीमती अनुपमा स्थापक, डॉ सोनिया टंडन, सक्षम महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष डॉ विजय प्रताप सिंह, सक्षम महाकौशल प्रांत प्रणादा प्रकोष्ठ प्रमुख डॉक्टर अंकित सेठ, डॉ अर्पिता स्थापक, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनी, प्रचार प्रमुख संदीप अग्रवाल, रोजगार आयाम प्रमुख श्री देवेंद्र दिव्यांश सोनी , सक्षम जबलपुर अध्यक्ष पवन जैन एवं सचिव अरविंद गुप्ता, इंजी.अंशुल बजाज, कमल शुक्ला, संतोष विश्वकर्मा, सुचित जैन , एड. अपर्णा स्थापक, डॉ. सोनिया टंडन, आशीष पारेतकर, नरेंद्र मालवीय, अंशुल विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन सक्षम महाकौशल प्रांत सचिव पीयूष जैन और डॉ अपूर्वा स्थापक ने किया । आभार प्रदर्शन डॉ.आयुष टंडन ने किया। इस अवसर पर अखिलेश जैन, आई एम ए जबलपुर अध्यक्ष डॉक्टर रिचा शर्मा, रोटरी क्लब से श्री सारंग भिड़े , अखिल खंडेलवाल, दीपक सिंघई, राजेश गुप्ता, दीप मुखर्जी, मनीष पांडे, सुशील मुदलियार सहित वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# दो दर्जन हैंडपंप मेकेनिक, हेल्पर बैठे-बैठे ले रहे वेतन

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में दो दर्जन से अधिक हैंडपंप मैकेनिक हेल्परों के घर में बैठे-बैठे तनख्वाह लेने का मामला सामने आया है ।

आईटीआई कार्यकर्ता गंगा पटेल ने बताया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड सिहोरा के अंतर्गत सिहोरा मझौली तहसील आती है ,सिहोरा तहसील के डेढ़ सो से अधिक तथा मझौली तहसील के 250 ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है ,गांव-गांव में पेयजल आपूर्ति नल जल योजना के रखरखाव ग्रामों में लगे हैंडपंपों का संधारण करना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी है ,इस जिम्मेदारी को पूरा करने से होरा मझौली तहसीलों में दो दर्जन से अधिक हैंडपंप मैकेनिक है ।बीते 3 वर्षों से ग्रामों में पेयजल जल उपलब्धता की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जल मिशन के पास आ गई है, मिशन नल जल आपूर्ति योजनाओं के रखरखाव और हैंडपंप संधारण का काम अपने दैनिक वेतन पर लगे आउटसोर्स कर्मचारीयो से करवा रहे हैं ,इससे लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मचारी हैंडपंप मैकेनिक हेल्परों के पास नल जल योजना रखरखाव हैंडपंप संधारण का कोई काम नहीं रहने से संबंधित सभी कर्मचारी घर में बैठे-बैठे मुफ्त की तनख्वाह ले रहे हैं । आरटीआई कार्यकर्ता को विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घर में बैठे-बैठे पगार लेने वाले स्थाई हैंड पंप मेकेनिक हेल्परों में रितेश अंबिका राजकुमार छब्बी लाल जगन्नाथ घनश्याम राजेश गणेश संजय सोनू मनीष चंद्रभान शामिल है।

### इनका कहना है

हैंडपंप मेकेनिक हेल्परों को विभागीय कार्य में संलग्न किया गया

**विनय प्रताप**
**सहायक यंत्री ,**
**पीएचई , उपखंड सिहोरा**

# गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**जबलपुर ।** गोकलपुर गणेश विसर्जन चल समारोह की आगुवाई गणेश समिति ने कि प्रतिवर्ष अनुसार गोकलपुर बस्ती से शुरू होकर इंजीनियरिंग कालेज सार्वजनिक खेर माई मंदिर ,सार्वजानिक महालक्ष्मी,मंदिर, मॉ दुर्गा उत्सव ,नव चेतन दुर्गा मंदिर मै भव्य गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ निकला। मॉ बहने बच्चों की वेश भूषा एवं नृत्य एवं राधा कृष्ण झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

# घनश्याम अहिरवार शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**पनागर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय देवरी,संकुल केंद्र शासकीय हाई स्कूल देवरी पनागर के बरिष्ठ शिक्षक घनश्याम दास अहिरवार को शिक्षक दिवस पर,मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधिपति विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबलपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जबलपुर जिला के शिक्षाधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा सम्मानित किया गया। घनश्याम अहिरवार ने भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अवधेश प्रताप सिंह

विश्वविद्यालय, भोज विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से अपनी योग्यताऐं और उपाधियाँ अर्जित की। आप एम,ए, राजनीति विज्ञान, एम,ए, अंग्रेजी, बी,एड, नेट, यूजीसी,तथा भारत सरकार रक्षामंत्रालय की राष्ट्रीय छात्र सेना एनसीसीके सी प्रमाण पत्र विजेता हैं। आपने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से स्नातकोत्तर मेरिट में उत्तीर्ण किया है। एक शिक्षक के समस्त दायित्वों को अपनी पूर्ण निष्ठा और वचनबद्धता से निभाते हुए एमटी,बीएमटी, जनशिक्षक, तथा शिक्षा के नवाचार को बढाने के लिए ,शिक्षा क्षेत्र और शासन की गतिविधियों को तागू करने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। आप मध्यप्रदेश अजाक्स तहसील पनागर के लगातार तीसरी वार के निर्वाचित अध्यक्ष भी हैं।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का बरेला आगमन आज

**धनपुरी ( बरेला )।** जिला ग्रामीण कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय यादव का आज सामुदायिक भवन बरेला में शाम 3:30 बजे आगमन होने जा रहा है। जिला अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से भेंट कर कांग्रेस के संगठन पर विचार विमर्श एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बरेला ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी शिव नामदेव, राज किशोर पटेल, मुख्य रूप से पहुंच रहे हैं बरेला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, जिला कांग्रेस महासचिव योगेश पटेल ने समस्त कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है।

# श्री बजरिया मंदिर में वार्षिक जल यात्रा कार्यक्रम

▶ बड़े जैन मंदिर में हुई शांति विसर्जन

**पनागर।** दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य के दिवस भगवान बासपूज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। श्री पार्श्वनाथ बजरिया मंदिर में शांति धारा अभिषेक पूजन के साथ निर्वाण कांड का वाचन किया गया, मंदिर में उपस्थित पुरुष महिला एवं युवकों द्वारा भी भगवान श्री को लड्डू चढ़ा कर पुण्य अर्जन किया। श्री प्रबंधकरनी सभा के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा मंत्री अभिनंदन चौधरी के साथ समस्त पदाधिकारी गण एवं पंडित सुधांशु

भैया जी सांगानेर उपाध्यक्ष संतोष चौधरी पं सुमित जैन के द्वारा समस्त मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराई गई। रात्रि में श्री शांतिनाथ जैन बड़े मंदिर में नवयुवक मंडल द्वारा भगवान बड़े बाबा प्रांगण में आरती की गई। तत्पश्चात सामूहिक सामाजिक स्तर पर क्षमता अपना का आयोजन किया गया। जिसमें श्री प्रबंध करनीसभा द्वारा समस्त 10 दिवस के विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किए गए। मंदिर में पंडित सुधांशु सांगानेर राजस्थान द्वारा मांगलिक प्रवचन हुए। प्रबंधकरनी एवं समाज के वरिष्ठ जनो ने समस्त ट्रस्ट के स्टाफ का सम्मान किया। श्री शांतिनाथ महिला परिषद की श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती स्वाति मोदी ने भी संबोधन किया। सभा के उपाध्यक्ष आनंद जैन मिंचू, पवन लश्करी, संजय जैन, मानव रजनीश चौधरी, राहुल मोदी, मोनू सिंघई सभी सदस्य उपस्थित थे।

### आज चंद्र प्रभु नायक मंदिर में जल यात्रा

नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय नायक मंदिर में आज 8 सितंबर दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे जल यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। समस्त धर्म प्रेमी जनों से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# शासकीय कर्मचारियों के जर्जर आवासों की जल्द हो मरम्मत

▶ संबंधीत विभाग के अधिकारियों की होगी जिम्मेवारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि कुछ विभागों शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवास भरी जर्जर है, खपरैल आवासों से पानी टपक रहे हैं, लेंटर में पानी भरे है, कचरा जम गए है, छप्पर झूल गए है, दीवारों से पानी रिस रहा है। आवासों में बनी नालियां जाम है, विभागों द्वारा वर्षा के पहले सुधार नहीं कराए गए इस लिए कर्मचारियों और उनके बुजुर्ग माता जी पिता जी का रहना दूभर हो रहा है। शासकीय कर्मचारियों के मासिक देयकों से इन आवासों का किराया काट लिया जाता है लेकिन मरम्मत नहीं कराई जाती है। लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ, वन, राजस्व,लोक स्वास्थ यांत्रिकी बरगी हिल्स,हिरण जल

संसाधन, आई टी आई, रोजगार निर्माण, एवं नगर निगम के शासकीय आवास किसी भी समय धराशाही होने की कगार पर है। संबंधित कर्मचारी अपने पैसों से मरम्मत करवा रहे है बरसात के पानी से बचने पन्नी लगा कर दीवार बचा रहे है, केमिकल, सीमेंट लगाकर लेंटर की मरम्मत करवा रहे है, जबकि यह संबंधित विभाग को करवाना चाहिए।

मेडिकल के पीछे की कालोनी में भारी परेशानी है, पुलिस विभाग केंट थाने के सामने टपरिया नुमा आवासों में पानी भर रहा है,खपरैल छपार खराब है,मरम्मत का जिम्मा विभाग का होने के पश्चात भी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। गढ़ा थाने के आगे के आवासों के लेंटर सित गए है। बरगी हिल्स के आवासों में सांप, बिच्छू,नेवला घुस रहे है, आवासों में बाउंड्री ही नहीं है, नालियां टूटी पड़ी है, रोड खराब है, राजस्व, पी डब्ल्यू डी के कर्मचारी ब्यौहार बाग के खस्ता हाल क्वाट्रो में रहने मजबूर है। वन विभाग के एस एफ आर आई, आई टी आई के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ विभाग के आवासों की दुर्गति है, विक्टोरिया कैंपस में पास के आवास अत्यंत खराब है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिपाठी, सिहोरा सचिव योगेंद्र मिश्रा,बृजेश मिश्रा,अजय दुबे, शहजाद सिंह द्विवेदी, आकाश गुप्ता, अंशुल शाहू, बब्लू सिंह ठाकुर, नरेश दीक्षित, हरेन्द्र झा, विकास पटेल, गोविंद राजपूत, वृंदा नायडू,सुशील गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी , रवि बांगड़, राजू मस्के, जी पी द्विवेदी ने तन्खाह से आवास किराया काटने वाले कार्यालय प्रमुख से अपने विभाग के कर्मचारियों के शासकीय आवासों के तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है।जिससे आवासों के धराशाही होने पर घटनाओं से बचा जा सके, आवासों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेवारी मानी जाएगी।

# वेलांकन्नी माता के आदर में शोभायात्रा आज

**जबलपुर।** निर्मला चर्च में स्वास्थ्य की माता मरियम का 53वाँ वार्षिक महोत्सव एवं नौरोजी प्रार्थना का प्रारंभ 29 अगस्त से 8 सितंबर तक रहता है। सचिव शैलेश जॉर्ज की सूचना अनुसार आज 8 सितंबर को माता के जन्म दिवस के अवसर पर उपस्थित हजारों भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ भव्य उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम 5:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसके मुख्य याजक बिशप जे जी वलन आरसू धर्माध्यक्ष कैथोलिक धर्मप्रान्त रहेंगे। शोभायात्रा क्रमबद्ध रूप से संचालित होगी, जिसका प्रारंभ निर्मला चर्च प्रांगण से विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए चर्च प्रांगण में संपन्न किया जाएगा। पल्ली पुरोहित फा. फ्रांसिस जेवियर, संयोजक क्लेमेंट पायस, मनीष चार्ल्स, रवीश चार्ल्स, एरिक दास , लॉरेंस बर्नाबास, पुष्पराज बर्नार्ड, फ्रांसिस मारियन, जोसेफ माइकल, उपस्थिति की अपील की है।

# शिविर में रक्तदाताओं ने दिया 52 यूनिट ब्लड

**जबलपुर।** अग्रवाल सभा के नेतृत्व में आयोजित श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में अग्रवाल नवयुवक मण्डल, सराफा द्वारा रामचंद्र अग्रवाल(मजीठा) की स्मृति वर्ष 2011 से लगातार चौदहवें वर्ष रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

संयोजक रीतेश अग्रवाल (गुडहाई) ने बताया कि रक्तदाताओं ने शिविर में 52 यूनिट ब्लड दिया। सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा इस कार्य में पूर्ण सहयोग किया गया।कार्यक्रम के प्रायोजक नितिन अग्रवाल मजीठा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष

श्रीकांत अग्रवाल,सचिव योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल डॉ. लखन अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, केदार अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, रितेश अग्रवाल ,महेंद्र अग्रवाल , सुनील अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पीयूष गुप्ता, नीरज अग्रवाल, गगन प्रकाश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, नितिन बीजे, अभिषेक , पवन, जीसू, स्वाति ,नेहा, एवं समस्त सदस्यों के साथ राजेश अग्रवाल अध्यक्ष जबलपुर अग्रवाल सभा, कैलाशचन्द्र अग्रवाल बब्बा जी, गोविंद अग्रवाल की उपस्थिति रही।

# ज्ञान की आराधना चरित्र निर्माण के लिए ही होती

▶ आचार्य श्री समयसागर महाराज के उपदेश

जबलपुर। आचार्यश्री समयसागर महाराज ने शिविरार्थियों और उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति निरपेक्ष भाव से प्रभु की आराधना करता है, उसका संसार छोटा और हल्का हो जाता है। समय का अर्थ आगम होता है, और इसकी आराधना करने से तत्वज्ञान की प्राप्ति होती है। जब आत्मा साधना में उतर जाती है, तब केवल आत्मतत्व ही दिखाई देता है।

शिविरार्थियों से आचार्यश्री ने कहा कि आपने दस दिन प्रभु और गुरु की भक्ति की है। इस अवधि में जो महान पुण्य संचय हुआ है, वह आपके अगले जन्म तक साथ जाएगा। घर लौटते समय भी यह पुण्य आपके साथ रहेगा। इस शिविर में ज्ञान के साथ-साथ चरित्र की साधना भी हुई है, क्योंकि ज्ञान की आराधना चरित्र निर्माण के लिए ही होती है। इस अवसर पर महामस्तकाभिषेक के आयोजक लार्डगंज स्वर्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश जैन,

प्रधानमंत्री राजकुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष राकेश कौशल, प्रबंधक प्रदीप जैन, मिन्क और विनय जैन उपस्थित रहे। साथ ही दिगम्बर जैन पंचायत सभा, संरक्षिणी सभा, जैन नवयुवक संघ और डी. एन. जैन बोर्डिंग सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अमित पडरिया ने किया। कार्यक्रम में कवि चंद्रसेन जैन ने काव्य पाठ किया। आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अर्चना साड़ी परिवार को मिला। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने ब्रह्मचर्य व्रत भी अंगीकार किए।

### 10 उपवास करने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान

पर्युषण पर्व की समाप्ति के बाद आचार्यश्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में बड़े फुहारे पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन स्वर्ण मंदिर, लार्डगंज में वार्षिक महामस्तकाभिषेक का आयोजन हुआ। दस दिवसीय अध्यात्म शिविर में शामिल श्रद्धालुओं में से दस दिन निर्जल उपवास करने वाले शिविरार्थियों को विशेष सम्मान दिया गया। साथ ही अन्य उपवास करने वाले श्रद्धालुओं को भी सम्मानित किया गया।

# क्राइम ब्रांच ने 40 संदिग्धों को पकड़ा, संबंधित थानों को सौंपा

## 12 बदमाशों के पास से अवैध हथियार बरामद

**इंदौर, 7 सितम्बर. गणेश झांकियों के कारवां के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम तैनात की गई थी.**

सख्त कार्रवाई करते हुए टीम ने अलग-अलग इलाकों से आपराधिक गतिविधियों में शामिल 40 लोगों को पकड़ा और संबंधित थानों को सौंपा. एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पकड़े गए 12 बदमाशों के पास से अवैध हथियार बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. वहीं, 28 संदिग्धों पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई, क्योंकि इनके कारण शांति भंग होने की आशंका थी. महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए टीम को छेड़छाड़ रोकने और तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे. पूरे मार्ग की निगरानी ड्रोन कैमरों और विशेष स्टाफ की मदद से की गई. पुलिस और क्राइम ब्रांच की सक्रियता से पूरी रात व्यवस्था नियंत्रित रही और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई.

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**सिहोरा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर के नव नियुक्त अध्यक्ष माननीय संजय यादव जी पूर्व विधायक के सिहोरा प्रथम आगमन दिनांक 11, 9, 2025 समय 2:00 बजे स्वागत एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन को लेकर आज एक बैठक का आयोजन किया गया है ।

होटल यशराज में जिसमें आप सभी की उपस्थिति आवश्यक एवं प्राथनिय है ।


## अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- 225, नेपियर टाउन, दूसरा माता, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातो/सभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

| देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि व राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जा तिथि | रिजर्व मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री जावेद अंसारी श्रीमती शाहीन इफरा बेग (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10227752) | 15-6-2024 रु. 2161160/- (रु. इक्कीस लाख इकसठ हजार एक सौ साठ मात्र) | संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें शामिल है- प्लॉट संख्या 74, फ्यूचर नगर, एनबी 664, पीएचएन 17/60 न्यू 60, ख, संख्या 67/1, न्यू वार्ड संख्या 75, तहसील अधारताल, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, | 13-9-2024 कुल बकाया राशि 29-8-2025 | रु. 800000/- (रु. आठ लाख मात्र) |
| | बिड वृद्धि राशि रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) | 482001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, बिक्री योग्य_क्षेत्र, अति_निर्मित_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1000.00, 1000.00, 1000.00 | को रु. 2484796/- (रु. चौबीस लाख चौरासी हजार सात सौ छियानवे मात्र) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु. 80000/- (रु. अस्सी हजार मात्र) |

| प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक | ई-एमडी की अंतिम दिनांक | ई-नीलामी दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 8 अक्टूबर 2025 11.00-14.00 बजे | 10 अक्टूबर 2025 के 5.00 बजे तक | 13 अक्टूबर 2025 11.00 से 13.00 बजे |

**भुगतान का तरीका**- ई-एमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.
**नोट**- प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं.
**शेष भुगतान के लिए** - https-//www.iiflonehome.com अगली बोली शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.
**महत्वपूर्ण जानकारी**-यह नीलामी SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) के तहत कब्जे के आधार पर प्रकाशित की गई है. भौतिक कब्जा SARFAESI अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा - 14 आदेश प्राप्त होने के बाद और जब भी भौतिक की पेशकश की जाएगी, कब्जा ले लिया जाएगा. बोली लगाने वाले को भाग लेने से पहले दस्तावेजों और वैधता के संबंध में आवश्यक परिश्रम करना होगा.

**नियम एवं शर्तें:-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www.iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आयोजन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @ 1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक- 8-9-2025 एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड